“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्लीः भाद्रपद 23, 1944
बुधवारः 14 सितंबर 2022

रक्षा मंत्री की अमेरिकी रक्षा मंत्री के साथ टेलीफोन पर बातचीत

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा मंत्री श्री लॉयड ऑस्टिन के बीच आज टेलीफोन पर सौहार्दपूर्ण और सार्थक बातचीत हुई। उन्होंने बहुआयामी भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग की समीक्षा की तथा सैन्य संबंधों को और मजबूत करने के लिए आपसी प्रतिबद्धता दोहराई।

रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने भारत के रक्षा आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिए समर्थन व्यक्त किया और भारत-अमेरिका रक्षा औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को और मजबूत करने के बारे में बातचीत की।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की तथा क्षेत्र और उससे परे शांति एवं स्थिरता बनाए रखने की अपनी साझा इच्छा की पुष्टि की। श्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के एफ-16 बेड़े के लिए भरण-पोषण पैकेज उपलब्ध कराने के अमरीका के फैसले के बारे में भारत की चिंताओं से अवगत कराया।

दोनों मंत्रियों ने दोहराया कि दोनों पक्ष भारत-अमेरिका सामरिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से अपने उपयोगी संबंधों को जारी रखेंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि वह 2023 में आगामी मंत्रिस्तरीय 2+2 संवाद के लिए भारत में रक्षा मंत्री ऑस्टिन का स्वागत करने के लिए आशान्वित हैं।

एबीबी/डीएस